Sant Shiromani Guru Ravidas Government College, Sargaon
District – Mungeli (C.G.)

# DR. REKHA SHARMA
# DEPARTMENT OF HINDI
## Departmental Activities
## File No. …….

कुल 25

28

संत शिरोमणी गुरू रविदास, शासकीय महाविद्यालय, सरगाँव जिला–मुंगेली (छ.ग.)
(College Code-2904) www.ssgrgcsargaon.ac.in email- ssgrgovtcollegesargaon @ gmail.com

दिनांक 16.02.2022

# प्रतिवेदन

**संत शिरोमणी गुरू रविदास जी का जिला स्तरीय जयंती समरोह का महाविद्यालय में आयोजन एवं गुरू रविदास जी की मूर्ति का अनावरण**

**आयोजक – छत्तीसगढ़ मेहर समाज, जिला–मुंगेली (छ.ग.) हिन्दी विभाग एवं IQSC**

आज दिनांक 16 फरवरी 2022 माघी पूर्णिमा को महाविद्यालय में संत शिरोमणी गुरू रविदास जी जयंती समारोह भव्य एवं शालीन रूप में मनाया गया एवं गणमान्य नागरीकों के द्वारा गुरू रविदास जी की मूर्ति का अनावरण किया गया। माननीय श्री धरमलाल कौशिक नेता प्रतिपक्ष, (छ.ग.) विधानसभा इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। अपने सम्बोधन में उन्होंनें रविदास जी के सामाजिक संदेशों का उल्लेख किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय श्री रघुनंदन कर्माकर संरक्षक मेहर समाज ने किया। अपने उद्बोधन में उन्होंनें गुरू रविदास की कविताओं का वाचन किया एवं उनके पद चिन्हों पर चलनें हेतु प्रेरित किया। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति डॉ. ए. डी. एन वाजपेयी ने मूर्ति पर माल्यार्पण किया एवं संत परम्परा का उल्लेख करते हुए गुरू रविदास जी के योगदान का वर्णन किया। डॉ0 रेखा शर्मा सहायक प्राध्यापक हिन्दी ने भक्ति आंदोलन पर प्रकाश डाला एवं गुरू रविदास के द्वारा मानव को अंधविश्वास से दुर रहने हेतु उनके योगदान का उल्लेख किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ0 एस0 पी0 अम्बष्ठ, प्रभारी प्राचार्य द्वारा धन्यावाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मान. श्री राजेन्द्र शुक्ला (छाया विधायक बिल्हा) मान. श्री नरेन्द्र शर्मा (भा.ज. पा. प्रदेश कार्यसमिति सदस्य) मान. श्री कैलाश ठाकुर (भाजपा मण्डल अध्यक्ष सरगावं) मान. श्री मति अंबालिका साहू (सभापति जि. पं. मुंगेली) मान. श्री मति जागेश्वरी वर्मा (सदस्य जि. पं. मुंगेली) मान. श्री मति ज्योति रिंकु सिंह ठाकुर (अध्यक्ष ज. पं. पथरिया) मान. श्री जगदीश सिंह वर्मा (उपाध्यक्ष ज. पं. पथरिया) मान. श्री राजीव तिवारी (अध्यक्ष न. पं. सरगांव) मान. श्री किरणपाल सिंह चांवला (चेयरमेन कैरियर पॉईट बिलासपुर) मान. श्री रणजीत सिंह हूरा (प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भा. ज. यु. मो.) मान. श्री रामफल लहरी (सभापति न. पं. सरगांव) मान. श्री अशद मोहम्मद (विधायक प्रतिनिधि, महाविद्यालय सरगांव), महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

प्राचार्य

Principal
Sant Shiromani Guru Ravidas
Govt. College, Sargaon
Distt. Mungeli (C.G.)

27

र्यालय–प्राचार्य, संत शिरोमणी गुरू रविदास, शासकीय महाविद्यालय, सरगाँव जिला–मुंगेली (छ.ग.)
llege Code-2904) www.ssgrgcsargaon.ac.in email- ssgrgovtcollegesargaon @ gmail.com Ph.-07752275777

## प्रतिवेदन

भाग –

महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की कविताओं में मानवीय संवेदनाएं

5 फरवरी 2022 बसंत पंचमी

आयोजक – हिन्दी विभाग एवं IQAC.

आज दिनांक 05 फरवरी 2022, बसंत पंचमी को महाकवि निराला का जन्म दिन साहित्यिक वातावरण मे मनाया गया। डॉ. रेखा शर्मा सहायक प्राध्यापक 'हिन्दी' ने निराला के अद्भुत विद्रोही व्यक्तित्व एवं उनकी कविताओं में मानवीय संवेदनाओं का सशक्त एवं मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया। निराला की कई प्रसिद्ध कविताओं का पाठन श्रीमती शर्मा के द्वारा किया गया। डॉ. ए. के. सिंह सहायक प्राध्यापक 'अंग्रेजी' ने महाकवि निराला की कविता 'तोड़ती पत्थर' का जिक्र करते हुए सिसकती, कराहती गरीबी का चित्रण प्रस्तुत किया। डॉ एस. पी. मिन्स, प्राचार्य ने हिन्दी साहित्य के इतिहास में निराला का अद्वितीय योगदान का जिक्र किया, एवं उनकी कविता वर दे, वीणावादिनी, वर दे! का गायन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

[signature]

Principal
Sant Shiromani Guru Ravidas
Govt. College, Sargaon
Distt. Mungeli (C.G.)
विभागाध्यक्ष

(26)

कार्यालय–प्राचार्य, संत शिरोमणी गुरू रविदास, शासकीय महाविद्यालय, सरगाँव जिला–मुंगेली (छ.ग.)
(College Code-2904) www.ssgrgcsargaon.ac.in email- ssgrgovtcollegesargaon @ gmail.com Ph.-07752275777

दिनांक ........30-12-21

महिला उत्पीड़न निवारण समिति

<u>प्रतिवेदन</u>

Workshop (कार्यशाला)
On
Gender Issues (लैंगिक मुद्दे)
Dec 30, 2021

Organised by Women Anti-Harrassment Cell and IQAC महिला उत्पीड़न निवारण समिति एवं I.Q.A.C.

डॉ. रेखा शर्मा, सहायक प्राध्यापक 'हिन्दी', संयोजक महिला उत्पीड़न निवारण समिति ने Gender Issues पर विस्तार-पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में महिला और पुरुष के बीच की दीवार लगभग ध्वस्त हो चुकी है। हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपना परचम लहराया है एवम् अनुपम उपलब्धियाँ अर्जित की है। छात्राओं को साहसी, बुद्धिमान एवं दूरदृष्टि रखने हेतु उन्होंने प्रेरित किया। महाविद्यालय में प्रदत्त सुविधाओं के संबंध में उन्हें जानकारी दी गई।

डॉ. मधुरवीणा बखला, सहायक प्राध्यापक राजनीति शास्त्र ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें एक दूसरे का सम्मान करना चाहिए, सहायता करना चाहिए एवं क़दम से क़दम मिलाकर उच्च लक्ष्य को अर्जित करना चाहिए।

डॉ. एन.के. सिंह, समन्वयक I.Q.A.C. ने छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय का अमूल्य निधि बताया एवं उन्हें सामाजिक परिवर्तन लाने हेतु एवं समाज में मार्गदर्शक बनकर आगे आने हेतु प्रेरित किया।

Principal
Sant Shiromani Guru Ravidas
Govt. College, Sargaon
Distt. Mungeli (C.G.)

ार्यालय–प्राचार्य, संत शिरोमणी गुरू रविदास, शासकीय महाविद्यालय, सरगाँव जिला–मुंगेली (छ.ग.) 25
College Code-2904) www.ssgrgcsargaon.ac.in email- ssgrgovtcollegesargaon @ gmail.com Ph.-07752275777

सरगांव दिनांक 07 - 12 - 2021

प्रतिवेदन

विभाग :–

One day Seminar
Date - December 07, 2021

Topic - Universal Perspective of Hindi
(हिन्दी का वैश्विक परिदृश्य)

Organised by IQAC and Dept. of Hindi

आज दिनाँक - 07-12-2021 को हिन्दी विभाग
एवं IQAC द्वारा एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन विषय:
" हिन्दी का वैश्विक परिदृश्य " पर किया गया। सर्वप्रथम
डॉ. रेखा शर्मा सहायक प्राध्यापक 'हिन्दी' द्वारा हिन्दी के वैश्विक
परिदृश्य पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि हिन्दी की
लोकप्रियता एवं स्वीकार्यता सिर्फ हिन्दुस्तान तक सीमित नहीं है, बल्कि
इसका प्रचार प्रसार सात समंदर पार भी है। योरोप के कई देश एवं
मेरिका के कई विश्वविद्यालयों में हिन्दी भाषा एवं साहित्य पर छात्र शोध
र रहे हैं एवं नवीनतम ज्ञान के आलोक से विश्व को आलोकित कर रहे हैं।
डॉ. ए. के. सिंह सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी ने हिन्दी
षा एवं अंग्रेजी भाषा का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया एवं हिन्दी भाषा
सौंदर्य एवं अद्भुत शैली का विलक्षण वर्णन प्रस्तुत किया। डॉ. आभा त्रिपाठी
प्राध्यापक समाजशास्त्र हिन्दी साहित्य के छायावादी कवियों एवं उनकी रचनाओं
के संबंध में सम्यक जानकारी प्रस्तुत की। डॉ. एस. पी. अम्बष्ट प्राचार्य ने संस्कृत
भाषा एवं हिन्दी भाषा की समृद्धि एवं बहुआयामी विशेषताओं का विश्लेषण
प्रस्तुत किया। छात्र मुकेश, बी. ए. प्रथम वर्ष एवं छात्रा चंद्रकली रंजन बी.A. III ने भी
स सेमीनार में हिन्दी भाषा की विशेषताओं के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए।

Principal
Sant Shiromani Guru Ravidas
Govt. College, Sargaon
Distt. Mungeli (C.G.)

Principal
Sant Shiromani Guru Ravidas
Govt. College Sargaon
Mungeli (C.G.)

डॉ. रेखा शर्मा
सहायक प्राध्यापक 'हिन्दी'

Office Of the Principal
Sant Shiromani Guru Ravidas Govt College Sargaon, Mungeli(C.G.)
(CollegeCode2904) (AISHECode-C-9749) www.ssgrgcsargaon.ac.in
email- ssgrgovtcollegesargaongmail.com

Sargaon, Date 04.

One day Seminar
December 04, 2021

Topic- Portrait of Real Life in the Novels of Premchand and Charles Dickens
प्रेमचंद और चार्ल्स डिकेंस के उपन्यासों में वास्तविक जीवन का चित्र
Organised by Departments of Hindi, English and IQAC

Report.

First of all Dr. Rekha Sharma, Asstt. Prof of ...ndi explained the life and works of Premchand. ...e explained the depiction of real life in the novels ...ban, Godan and others. She gave a graphic descrip...n of such stories as Kafan, Budhi Kaki and Pus Rat.

Dr A.K. Singh, Asstt. Prof of English explained ... life and works of Charles Dickens. He presented ...ortrait of real life in the novels David Copper...d, Great Expectations and others. Dickens was ... in very poor conditions and brought up in the ...l of suffering. He presented the picture of ... novels.

Gitesh, a student of B.A. III told a story
Premchand Mansarovar. Ku Santoshi Surte, a
of B.A. II told that she had learnt a lot
Dickens's Great Expectations.

Principal
Smt Shiromani Guru Ravidas
Govt. College Sargaon
Mungeli (C.G.)

डेर चेक हो चुकी है। (23)

कार्यालय–प्राचार्य, संत शिरोमणी गुरू रविदास, शासकीय महाविद्यालय, सरगाँव जिला–मुंगेली (छ.ग.)

(College Code-2904) www.ssgrgcsargaon.ac.in email- ssgrgovtcollegesargaon @ gmail.com Ph.- 07752275777

सरगाँव, दिनांक 27 · 10 · 2021

# प्रतिवेदन

Topic : Description of nature in the poetry of Sumitra Nandan Pant and william wordsworth (पंत एवं वर्ड्सवर्थ की कविताओं में प्रकृति चित्रण)

दिनांक 27-10-21 को हिन्दी विभाग एवं अंग्रेजी
विभाग एवं IQ.A.C. के द्वारा एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन
किया गया। सेमीनार में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्र-
छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेखा शर्मा सहायक प्राध्यापक
हिन्दी ने किया। उन्होंने छायावाद की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए
प्रसाद, निराला एवं महादेवी की कविताओं के संबंध में संक्षिप्त जानकारी
प्रदान की। उन्होंने सुमित्रानंदन पंत की कविताओं की विस्तृत समीक्षा
प्रस्तुत की एवं उनकी कविताओं में प्रकृति चित्रण का विशेष वर्णन किया।
डॉ. ए. के. सिंह सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी
ने अंग्रेजी कविता में रोमेन्टीसिज़्म एवं रोमेंटिक कवियों के संबंध में
संक्षिप्त जानकारी प्रदान की एवं वर्डसवर्थ की कविताओं का
विशेष उल्लेख किया एवं वर्डसवर्थ की कविताओं में प्रकृति चित्रण
का सजीव वर्णन किया। प्राचार्य डॉ. एस. पी. अम्बष्ट ने हिन्दी साहित्य
के महत्व के संबंध में बताया एवं डॉ. ए. के. चंदेल प्राध्यापक
अर्थशास्त्र ने हिन्दी भाषा के सौंदर्य-बोध का वर्णन करते हुए
पंत की भाषा शैली पर प्रकाश डाला। गीतेश कुमार बी. ए. अंतिम वर्ष
एवं मुंगेश्वरी बी. ए. द्वितीय वर्ष ने भी पंत की कविताओं के संबंध में
अपने विचार व्यक्त किए।

डॉ. ए. के. सिंह
सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी

डॉ. रेखा शर्मा
सहायक प्राध्यापक हिन्दी

प्राचार्य

Principal
Sant Shiromani Guru Ravidas
Govt. College, Sargaon
Distt. Mungeli (C.G.)

22

# कार्यालय–प्राचार्य, संत शिरोमणी गुरू रविदास, शासकीय महाविद्यालय, सरगाँव जिला–मुंगेली (छ.ग.)

*महाविद्यालयीन स्तरीय प्रतियोगिता –* वाद-विवाद-प्रतियोगिता

*विभाग –* हिन्दी विभाग एवं समाज शास्त्र विभाग

*विषय –* "गाँधीवाद से ही भारत की समस्याओं का समाधान संभव है।"

*दिनांक –* 02-10-2021.

*स्थल – कक्ष क. –* 03

*प्रतिभागियों की सूची –*

1. चन्द्रकली टंडन बी.ए. III - पक्ष - प्रथम
2. रविप्रकाश बी०ए० III - पक्ष - द्वितीय
3. चाँदनी वर्मा बी.ए III - पक्ष
4. अमित कौशिक बी.ए III - पक्ष
5. रूपाली पठारी बी.कॉम. II - पक्ष
6. मनीषा साहू बी.कॉम II - विपक्ष
7. सुरज पललावरे III - विपक्ष
8. दुर्गेश साहू BSc III - विपक्ष
9. अंजली कोशले बी.ए. II - विपक्ष - द्वितीय
10. छल्ला कुमार [illegible] - विपक्ष - प्रथम
11.
12.
13.
14.
15.
16.
17.
18.
19.
20.
21.
22.
23.
24.
25.

विभागाध्यक्ष

संयोजक

समन्वयक

प्राचार्य

Principal
Sant Shiromani Guru Ravidas
Govt. College, Sargaon
Distt. Mungeli (C.G.)

(21)

–प्राचार्य, संत शिरोमणी गुरू रविदास, शासकीय महाविद्यालय, सरगाँव जिला–मुंगेली (छ.ग.)
Code-2904) www.ssgrgcsargaon.ac.in email- ssgrgovtcollegesargaon@gmail.com Ph.-07752275777

## प्रतिवेदन

– हिन्दी विभाग एवं समाज शास्त्र विभाग

महाविद्यालय में दिनांक 02-10-2021 को हिन्दी विभाग एवं समाज शास्त्र विभाग द्वारा "Gandhism is the solution of all problems of India" "गाँधीवाद से ही भारत की समस्याओं का समाधान संभव है" विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में चंद्रकली टंडन बी.ए. III पक्ष, रविप्रकाश बी.ए. III पक्ष, चाँदनी वर्मा बी.ए. III पक्ष, अमित कौशिक बी.ए. III पक्ष, रूपाली पठारी BCom II पक्ष, मनीषा साहू BCom II विपक्ष, सूरज जलवाले BSc III विपक्ष, दुर्गेश साहू BSc III विपक्ष, अंजली कोशले बी.ए. II विपक्ष, कृष्णकुमार बी.ए. II विपक्ष ने भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. ए. के. चंदेल प्राध्यापक अर्थशास्त्र ने कहा कि गाँधीवाद आज भी प्रासंगिक है, डॉ. ए. के. सिंह सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी ने कहा कि भारत की आजादी में महात्मा गाँधी की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रतियोगिता का परिणाम निम्नानुसार है–

1. कु. चंद्रकली टंडन बी.ए. III पक्ष प्रथम
2. रविप्रकाश बी.ए. III – पक्ष द्वितीय
3. कृष्ण कुमार मरावी बी.ए. II विपक्ष प्रथम
4. अंजली कोशले बी.ए. II विपक्ष द्वितीय

प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. ए. के. सिंह सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी एवं प्रो. जे. के. शर्मा सहायक प्राध्यापक वाणिज्य रहे। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रेखा शर्मा एवं समन्वयक डॉ. आभा त्रिपाठी थीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित थी।

विभागाध्यक्ष

संयोजक – समन्वयक – प्राचार्य

Principal
Sant Shiromani Guru Ravidas
Govt. College, Sargaon
Distt. Mungeli (C.G.)

(20)

**Office Of the Principal**
**Sant Shiromani Guru Ravidas Govt College Sargaon, Mungeli(C.G.)**
**(CollegeCode2904) (AISHECode-C-9749) www.ssgrgcsargaon.ac.in**
**email- ssgrgovtcollegesargaongmail.com**

Sargaon ,Date- 15-09-21.

विषय:- कला संकाय के हिन्दी साहित्य के छात्र-छात्राओं हेतु तुलसीदास जी के जीवन के वृत्त चित्र का प्रदर्शन।

महाविद्यालय में दिनांक 15-09-21 को कला संकाय के हिन्दी साहित्य के छात्र-छात्राओं हेतु गोस्वामी तुलसीदास जी के जीवन के वृत्त चित्र का प्रदर्शन किया गया। वृत्त चित्र में सर्वप्रथम तुलसीदास जी के बाल्यावस्था का वर्णन प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात उनके काव्य-लेखन का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। महाकवि तुलसीदास जी की जीवनी, माता पिता एवं तत्कालीन सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक परिवेश की जानकारी प्रदान की गई। उनके प्रमुख महाकाव्य रामचरित मानस के अतिरिक्त उनके अन्य प्रमुख रचनाओं कवितावली, गीतावली, विनयपत्रिका आदि का परिचय प्रदान किया गया। साथ ही तुलसीदास जी के लोकनायकत्व स्वरूप एवं युगप्रवर्तक स्वरूप को प्रस्तुत किया गया। तुलसीदास जी के काव्य में लोकमंगल की भावना का वर्णन किया गया साथ ही सगुण काव्यधारा के अंतर्गत रामभक्ति शाखा में उनके महत्वपूर्ण योगदान एवं उनकी रचनाओं के काव्य सौंदर्य को प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने वृत्तचित्र के माध्यम से तुलसीदास जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का ज्ञान प्राप्त किया। वृत्तचित्र के अंत में यह दर्शाया गया कि आने वाली पीढ़ी के कवियों पर तुलसीदास जी का कितना सशक्त प्रभाव पड़ा। इस अवसर छात्र/छात्राएं एवं महाविद्यालय के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

Principal
Sant Shiromani Guru Ravidas
Govt. College, Sargaon
Distt. Mungeli (C.G.)

19

# कार्यालय–प्राचार्य, संत शिरोमणी गुरू रविदास, शासकीय महाविद्यालय, सरगाँव जिला–मुंगेली (छ.ग.)

## हिन्दी दिवस का आयोजन दिनांक 14.09.2021

महाविद्यालय में दिनांक 14.09.2021 को हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ए. के. चंदेल ने कहा कि खड़ी बोली हिन्दी गद्य और पद्य दोनो की भाषा है। हिन्दी में कई भाषाओं के शब्द है, जो इसे समृद्व करते है। उन्होने कहा कि परिवर्तन के साथ समायोजन आवश्यक है। डॉ. ए. के. सिंह वरिष्ठ प्राध्यापक अंग्रेजी ने हिन्दी की अनुपम आभा को बताते हुए कहा कि अमीर खुसरों ने सबसे पहले हिन्दी में कविता लिखी, उनके गुरू नीजामुददीन औलियां थे जिनके लिए उन्होने अनेक सुंदर कलाम लिखे इसमें आत्मीयता गुरू के प्रति समर्पण के साथ ही भाषायी सौदर्य भी है। उन्होने अनेक कवियों का उदाहरण देते हुए कहा की सुर, तुलसी, कबीर, आदि काव्य सौदर्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। प्रो. ए. के. टोप्पो विभागाध्यक्ष प्राणिशास्त्र ने कहा कि हिन्दी भाषा संघर्ष कर रही है। आज हिन्दी के शब्द उतने प्रचलित नही है जितने अंग्रेजी के है। लेकिन सामान्य जीवन में हिन्दी की आवश्यकता होती है। हमें हिन्दी के विकास के लिए प्रयत्न करना चाहिए।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. पी. अम्बष्ठ ने कहा हिन्दी हमारी राष्ट्र भाषा है हिन्दी की विशेषता यह है कि इसमे अज्ञानता से प्रारंभ और ज्ञान से अंत होता है। उन्होने कहा कि हिन्दी में अभिव्यक्ति के अनेक प्रकार है यह समृद्व भाषा है। अनेक क्षेत्रीय भाषाएं भी हिन्दी से निकली है। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. रेखा शर्मा हिन्दी विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन समस्त छात्र छात्राओं के अत्यधिक उपयोगी एवं प्रेरणाप्रद रहा।

डॉ. रेखा शर्मा
सहायक प्राध्यापक
हिन्दी विभाग

(डॉ. एस. पी. अम्बष्ठ)
प्र. प्राचार्य
Principal
Sant Shiromani Guru Ravidas
Govt. College, Sargaon
Distt. Mungeli (C.G.)

NITISH KUMAR02102021